मेक इन इंडिया के 11 साल

# भारत बन रहा मैन्युफैक्चरिंग हब : पीयूष

**भारत बना विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता**

**पीएलआई योजना से बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन**

**नई दिल्ली, 25 सितंबर.** '**मेक इन इंडिया' पहल के 11 वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब में बदल रहा है. 25 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस पहल ने देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है.**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोयल ने लिखा, पिछले 11 वर्षों में रिकॉर्ड विदेशी निवेश, व्यापार करने में आसानी में सुधार, विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बनना, निर्यात में वृद्धि और रक्षा उत्पादन का विस्तार इस बात का प्रमाण है कि हमने कितनी प्रगति की है. उन्होंने उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि इसने बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन किया है. साथ ही, युवाओं और महिलाओं की ऊर्जा से प्रेरित स्टार्टअप इकोसिस्टम ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इनोवेशन केंद्र बनाया है.

गोयल ने कहा, यह यात्रा उद्योगों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स, उद्यमियों और स्वदेशी भावना को अपनाने वाले प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई है. 'मेक इन इंडिया' की 11 साल की कहानी पुनरुत्थान की कहानी है, और अगला दशक आत्मनिर्भर व विकसित भारत के वैश्विक नेतृत्व की कहानी लिखेगा. केंद्रीय मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर देश ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं.

### नई पहलों का अनावरण




पिछले सप्ताह, गोयल ने 'मेक इन इंडिया' को और गति देने के लिए कई परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण किया. इनमें परिचालन दक्षता बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम तैयार करने की योजनाएं शामिल हैं. उन्होंने लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक ) 2.0 भी लॉन्च किया, जो भारत को डिजिटल रूप से सशक्त, निवेश के लिए तैयार और निर्यात में प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. 'मेक इन इंडिया' की यह यात्रा आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दे रही है.

## शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन गिरावट

**मुंबई, 25 सितंबर.** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव की चिंता में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 555.96 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 166.05 अंक नीचे 24,890.85 अंक पर बंद हुआ. पांच दिन में सेंसेक्स लगभग 1854 अंक और निफ्टी-50 करीब 532 अंक गिरकर 09 सितंबर के बाद के निचले स्तर पर आ चुके हैं. चौतरफा बिकवाली के बीच सिर्फ धातु सेक्टर की कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया.

# कंज्यूमर सेक्टर में सुधार के संकेत : रिपोर्ट



**ग्रामीण मांग वास्तविक मजदूरी से बनी मजबूत**

**जीएसटी कटौती से खाद्य-पेय कंपनियों को बड़ा लाभ**

**नई दिल्ली, 25 सितंबर. भारत के कंज्यूमर सेक्टर में एक साल से अधिक समय तक शहरी मांग में कमजोरी बने रहने के बाद अब सुधार के संकेत दिखाई दे रहे हैं. यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई है.**

एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च के अनुसार, यह सुधार अनुकूल आधार, आयकर में कटौती और जीएसटी रेट में कमी जैसे कारकों से प्रेरित होने की उम्मीद है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इन उपायों से लगभग ?2-2.5 लाख करोड़ सीधे उपभोक्ताओं के हाथ में आएंगे, जो कुल घरेलू खर्च का लगभग 2-8% होगा. एचएसबीसी ने कहा कि कोविड के बाद की तेजी के बाद से खपत का माहौल सुस्त था, लेकिन हाल के नीतिगत बदलावों से इस सेक्टर को जरूरी बढ़ावा मिल सकता है. रिपोर्ट के अनुसार, सुस्त रही शहरी मांग में अब सुधार होने की उम्मीद है, जबकि बढ़ती वास्तविक मजदूरी के कारण ग्रामीण मांग पहले से ही मजबूत बनी हुई है. हालांकि, रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि अधिक बचत या ऋण चुकाने की प्रवृत्ति से यह रिकवरी धीमी हो सकती है.

### जीएसटी रेट में कटौती का प्रभाव

रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी रेट में कटौती से घरेलू और पर्सनल केयर सेगमेंट की तुलना में खाद्य और पेय कंपनियों को अधिक लाभ होगा. छोटे पैक वाले बिस्कुट, नमकीन स्नैक्स और चॉकलेट जैसे उत्पादों की खपत में सीधे बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जबकि साबुन और ओरल केयर जैसी श्रेणियों में मांग में केवल एक बार उछाल देखने को मिल सकता है.

# उद्योग मंत्री ने निवेशकों को दिया हरसंभव मदद का भरोसा



**बीआईआईपीपी-2025 के माध्यम से मुफ्त जमीन**

**औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम**

**नयी दिल्ली, 25 सितंबर. बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने गुरुवार को यहां एक कार्यक्रम में निवेशकों से राज्य उद्योग लगाने का आह्वान करते हुए सरकार द्वारा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया.**

मिश्रा ने एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में उद्योग विभाग की ओर से हाल में स्वीकृत बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 के संबंध में निवेशकों से संवाद किया. इससे पहले इस पैकेज को पटना में लॉन्च किया गया था. उद्योग मंत्री ने बीआईआईपीपी की प्रशंसा करते हुए कहा, यह पैकेज बिहार के औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है.

यह न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित करेगा. यह बिहार को औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा. हमारा लक्ष्य है कि बिहार न केवल देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरे.

# इंडिगो और एसबीआई ने पेश किया को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड

## इंडिगो एसबीआई कार्ड का उपयोग करके खरीदारी पर तीन प्रतिशत रिवॉर्ड मिलेगा

**नयी दिल्ली, 25 सितंबर. विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के साथ साझेदारी में गुरुवार को को-ब्रांडेड इंडिगो एसबीआई कार्ड पेश करने की घोषणा की. यह प्रीमियम क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट, इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है.**



ग्राहकों को इंडिगो के इकोसिस्टम के अंतर्गत आने वाले सभी ऑफर, होटल और यात्रा बुकिंग सहित अन्य श्रेणियों पर किये गये सभी खर्चों पर रिवॉर्ड प्वाइंट मिलेंगे. इंडिगो के टिकट बुक कराने या उसके साझेदारों से साथ होटल बुकिंग आदि पर इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट के माध्यम से खर्च करने पर सात प्रतिशत और इंडिगो एसबीआई कार्ड का उपयोग करके खरीदारी पर तीन प्रतिशत रिवॉर्ड मिलेगा. इंडिगो इकोसिस्टम से बाहर अन्य प्लेटफॉर्म पर होटल और यात्रा बुकिंग के लिए इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट के धारकों को तीन प्रतिशत और इंडिगो एसबीआई कार्ड के उपयोगकर्ताओं को दो प्रतिशत रिवॉर्ड मिलेगा. अन्य सभी श्रेणियों में खर्च के लिए क्रमश: दो प्रतिशत और एक प्रतिशत रिवॉर्ड मिलेगा. ये रिवॉर्ड इंडिगो ब्लूचिप्स के रूप में होंगे. कार्डधारक इन्हें इंडिगो की सेवाओं जैसे फ्लाइट बुकिंग, होटल बुकिंग, सीट अपग्रेड, भोजन और फास्ट फॉरवर्ड जैसी सेवाओं के वाउचर आदि के माध्यम से भुना सकते हैं.

एसबीआई कार्ड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलिला पांडे ने कहा, एसबीआई कार्ड में, हमने देखा है कि यात्रा हमारे कार्डधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण व्यय श्रेणी है. एक ग्राहक-केंद्रित संगठन के रूप में, हम बदलती जरूरतों को अच्छी तरह समझते हैं और इसलिए इंडिगो एसबीआई कार्ड लॉन्च करने और ऐसी जरूरतों को पूरा करने के लिए इंडिगो के साथ यह रणनीतिक साझेदारी की है. हमें विश्वास है कि यह प्रीमियम क्रेडिट कार्ड हमारे मजबूत को-ब्रांडेड कार्ड पोर्टफोलियो का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा.



# बैंकों के डिजिटल कामकाज में तेज़ी लाने के लिए समझौता

**मुंबई, 25 सितंबर. शहरी सहकारी बैंकों ( यूसीबी ) के मंच राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड ने शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन को तेज़ करने के लिए सीएससीई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.**

एनयूसीएफडीसी की यहां गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस साझेदारी का उद्देश्य शहरी सहकारी बैंकों को सुरक्षित और अनुपालन योग्य डिजिटल बुनियादी ढाँचे से लैस करना है. यह काम चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा और इसकी शुरुआत आधार-आधारित ई-केवाईसी, ई-साइन, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र, डिजिलॉकर एकीकरण, ई-स्टाम्प सेवाएँ, क्लाउड होस्टिंग, डेटा सेंटर प्रबंधन और साइबर सुरक्षा समाधानों से होगी. इसके बाद के चरणों में इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, कियोस्क-आधारित सेवाएँ और डिजिटल संचार प्लेटफ़ॉर्म शुरू किए जाएँगे. विज्ञप्ति के अनुसार एनयूसीएफडीसी अपने सदस्य शहरी सहकारी बैंकों में इसे अपनाने में मदद करेगा, जबकि सीएससीई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड अपना प्लेटफ़ॉर्म, एपीआई और परिचालन सहायता प्रदान करेगी. इस समझौते के तहत एक संयुक्त शासन दल कार्यान्वयन और क्षमता निर्माण की देखरेख करेगा. इस समझौते में प्रशिक्षण, अनुपालन सहायता, शिकायत निवारण और डेटा सुरक्षा उपाय शामिल हैं, जिसमें यूसीबी के संस्थागत प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लागू नियामक मानदंडों के साथ तालमेल बिठाने पर ज़ोर दिया गया है. एनयूसीएफडीसी के सीईओ प्रभात चतुर्वेदी और सीएससीई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के समूह अध्यक्ष भगवान पाटिल की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किये गये हैं.

# ट्रेडिंग के तरीकों पर पुनर्विचार करेगा एनएसई

**नयी दिल्ली, 25 सितंबर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई के प्रबंध निदेशक आशीष चौहान ने बुधवार को कहा कि ऑप्शन और फ्यूचर ट्रेडिंग के तौर तरीकों पर एक्सचेंज पुनर्विचार कर रहा है.**



चौहान ने यहां उनके जीवन पर लिखी गई एक किताब के विमोचन के मौके पर यह बात कही. इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि फ्यूचर और ऑप्शन ट्रेडिंग में कई लोग पैसा गवां रहे हैं, ऐसे आंकड़े हैं मिले हैं. इसे देखते हुए इस बात पर पुनर्विचार किया जा रहा है कि इसके ट्रेडिंग के तौर तरीकों को बदलने की जरूरत है या नहीं. इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री चौहान ने कहा , हमारे घरों में सदियों से चाकू का इस्तेमाल हो रहा है लेकिन किसी बच्चे का हाथ कट जाने के डर से हम चाकू पर प्रतिबंध नहीं लगा देते हैं. घर में मां देखती है कि बच्चा चाकू तक न पहुंच सके. इसी तरह से हमें यह देखना है कि कौन इस तरह के इंस्ट्रूमेंट को हैंडल करने के लिए सक्षम है और कौन नहीं? उन्होंने इस पर पूरी तरह प्रतिबंध के विचार को खारिज कर दिया. आशीष चौहान = स्थितप्रज्ञ नाम की इस पुस्तक के लेखक डॉ मयूर शाह हैं. संस्मरण के रूप में पेश इस पुस्तक का विमोचन केंद्रीय कानून एवं विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया. उन्होंने कहा कि वित्त राज्य मंत्री के तौर पर मुद्रा योजना की लांचिंग के समय उन्होंने आशीष चौहान क् योगदान को देखा है.

## स्कोडा की ऑक्टाविया आरएस करेगी वापसी

**नयी दिल्ली, 25 सितंबर.** कार निर्माता कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने गुरुवार को भारतीय बाजार में ऑक्टाविया आरएस कार की नये स्वरूप में वापसी की घोषणा की. यह ग्लोबल आइकॉन भारत में सीमित मात्रा में पूरी तरह निर्मित इकाई के रूप में उपलब्ध होगा. ऑक्टाविया की वापसी पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, इस साल की शुरुआत में, हमने वादा किया था कि एक ग्लोबल आइकॉन भारत में वापसी करेगा. हमने ऑक्टाविया के साथ उस वादे को पूरा किया है.

# तीन साल में 1,800 नौकरियों के अवसर

## नॉएडा की कंपनी संग साझेदारी

**नई दिल्ली, 25 सितम्बर. लंदन स्थित स्मार्टफोन निर्माता ने भारत में अपने स्मार्टफोन निर्माण को बढ़ावा देने के लिए के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की है. इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियाँ आने वाले तीन वर्षों में .100 मिलियन ( लगभग 830 करोड़ रुपये ) से अधिक का निवेश करेंगी और 1,800 से ज्यादा नई नौकरियों का सृजन होगा.**

लंदन की टेक कंपनी ने भारत में अपनी स्मार्टफोन निर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लिए .100 मिलियन से अधिक के निवेश की घोषणा की है. यह कदम भारत को वैश्विक निर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा संकेत है. संस्थापक कार्ल पेई ने बताया कि कंपनी ने भारत में पहले ही 200 मिलियन से अधिक का निवेश किया है और यह नया कदम भारत को ग्लोबल स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में है. हालांकि, नई निर्माण इकाई कहाँ स्थापित होगी और उसकी उत्पादन क्षमता क्या होगी, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है.

# पर्दे के पीछे राजद को बदलने वाला शख्स!

**पटना. बिहार में लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल पिछले कुछ सालों में बदली दिखी है, पटना से लेकर दिल्ली तक उसके नेताओं में और रणनीति में बड़ा बदलाव दिखा है, लालू यादव के सामाजिक समीकरण के साथ-साथ अब राजद युवाओं पर भी फोकस करती दिख रही है.**

ये बदलाव तेजस्वी की राजनीति में एंट्री के साथ ही दिखने लगी थी, लेकिन इस बदलाव के पीछे एक और नाम की चर्चा होती रही है. कहा जाता है राजद की छवि को बदलने में संजय यादव का बड़ा हाथ है, जिन्हें तेजस्वी ही अपनी पार्टी में लेकर आए थे. 24 फरवरी 1984 को हरियाणा के नांगल सिरोही गांव में जन्मे संजय यादव ने कंप्यूटर साइंस और मैनेजमेंट की पढ़ाई की है. 2007 में भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि लेने के बाद उन्होंने दिल्ली की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम किया.

### आरजेडी की नई पहचान में संजय की भूमिका

नइलालू प्रसाद यादव ने आरजेडी को सामाजिक न्याय की राजनीति से पहचान दिलाई थी. अब संजय यादव ने इसमें डिजिटल और विकास का एजेंडा जोड़कर पार्टी की छवि बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है. उन्होंने सोशल मीडिया को हथियार बनाया और फेसबुक, ट्विटर से लेकर जमीनी स्तर पर डिजिटल अभियान के जरिए आरजेडी को युवाओं तक पहुंचाया. दिल्ली और देशभर के विश्वविद्यालयों में आरजेडी की मौजूदगी मजबूत करने में भी उनकी भूमिका रही है. संजय यादव ने आरजेडी के भीतर विभिन्न विचारधाराओं, पीढ़ियों और वर्गों को जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उनका मानना रहा कि पार्टी तभी मजबूत होगी जब हर कार्यकर्ता अपने को संगठन से जुड़ा और सम्मानित महसूस करेगा. राजद के अधिकतर नेता संजय के सियासी पैंतरे का लोहा मानते हैं. संजय यादव आमतौर पर पर्दे के पीछे रहकर काम करते रहे हैं.

**नाम परिवर्तन**

मैं, राम जी, निवासी- प्रतापपुर खास, कानपुर देहात, उत्तरप्रदेश-209307, कथन करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड (सर्विस नं 17031134Y) में मेरी माता का नाम शांती देवी (SHANTI DEVI) दर्ज है जबकि मेरी माता का वास्तविक व प्रचलित नाम बसंती (BASANTI) है उक्त दोनों नाम शांति देवी (SHANTI DEVI) व बसंती (BASANTI) एक ही व्यक्ति के है जो कि मेरी माता है।

**नाम परिवर्तन**

ASLAM SHER KHAN S/O ABDUL SAEED KHAN आयु वयस्क निवासी: 42-43 कस्सान सहाब बगिया नियर हमीदिया स्कूल गिन्नौरी भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम SHER ASLAM KHAN दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम ASLAM SHER KHAN हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं मैं रहूँगा.

**SUMMONS FOR SETTLEMENT OF ISSUES**
(Order 5, Rule 1.5)
IN THE COURT OF JOINT CIVIL JUDGE, SENIOR DIVISION, GONDIA (Maharashtra)
Process No. 6338/2025 F.F. 04/10/2025
Spl. Civil Suit No. 16/2023
Yash S/o Pritamdas Gurnani ... Plaintiff
// VS //
Smt. Radha @ Parmeshwar Gurnani & Others ... Defendants.
To,
06) Mrs. Rekha W/o Bharat Manwani, R/o. Tapti Apartments, Roshanpura Naka, New Maret, Bhopal - 462 202.

Whereas Plaintiff has instituted a suit against you for Suit for Partition, Separate Possession and Permanent Injunction. you are hereby summoned to appear in this court in person or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relating to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such question on the 4th day of Octomber 2025 at 11.00 o'clock in the forenoon, to answer the claim, and further you are hereby directed to file on that day a written statement of your defence and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defence or claim for set-off or counter-claim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defence or claim for set-off, or counter-claim you shall enter such document in a list to be annexed to the written statement.

Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.

Also take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defence struck out.

Given under my hand and the seal of the court, this 4th day of September 2025.

B.O.
Asst. Superintendent (T.W.)
Civil Judge, Sr. Dn. Gondia

**आम सूचना**

**दुर्गा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
**(पंजीयन क्र. डी.आर.बी. 461)**

**सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक, साधारण आमसभा दिनांक 28.09.2025 (रविवार) समय सुबह 09.30 बजे स्थान-सत्य साई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलानी भोपाल नियर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपलानी भेल भोपाल पर आयोजित की गई है. जिसकी सूचना पृथक से डाक द्वारा सभी सदस्यों को भेजी गई है. अत: सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय एवं अनिवार्य है.

**नोट**-बैठक में भाग लेने हेतु जारी सूचना-पत्र अपने साथ अवश्य लावे, एवं फोटोयुक्त आई.डी. कार्ड अपने साथ अवश्य लावे.

**भोपाल दिनांक:** 26/09/2025

अध्यक्ष
दुर्गा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

R.N.- 57620

**SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED**

SMFG IndiaCredit — Pragati Ki Nayi Pehchaan

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 10वीं मंजिल, कार्यालय संख्या 101,102 और 103, 2 नॉर्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051।

**मांग नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के अंतर्गत**

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हुए, निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया है। अधोहस्ताक्षरी का उचित रूप से मानना है कि उधारकर्ता(ओं) मांग सूचना(ओं) की तामील से बच रहा है/रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग सूचना(ओं) की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है:

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि |
|---|---|
| 1. यश एंटरप्राइजेज 2. सुमन 3. राम नारायण LAN - 213020911452899 | 19 सितंबर, 2025, रू. 32,82,754/- (बत्तीस लाख बयासी हजार सात सौ चौवन मात्र) 12 सितंबर, 2025 तक |

अचल संपत्ति का विवरण : बंधक संपत्ति की मालिक सुमन गुर्जर पत्नी रामनारायण। संपत्ति विवरण वह सब शांति और जमीन का पार्सल ख.नं. 194/7/1/1/ और ख.नं. 195/2/2 (कुल क्षेत्रफल 4.043 हेक्टेयर / 10.00 एकड़) आवासीय प्लॉट नं. 11 प्लॉट का आकार 22 * 49.2 = 1082.04 वर्ग फीट (100.59 वर्ग मीटर), गांव सिमरई "कोरल सिटी" तहसील गोहरगंज और जिला रायसेन (एमपी) में स्थित है, जो निम्नानुसार घिरा हुआ है: - पूर्व की ओर: - कॉलोनी रोड; पश्चिम की ओर: - अन्य भूमि; उत्तर की ओर: - प्लॉट नं. 12; दक्षिण की ओर: - प्लॉट नं. 10

उधारकर्ता(ओं) को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस(ओं) का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और खर्चों के साथ भुगतान की वसूली की तारीख तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकर्ता(ओं) द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूरा निर्वहन करने में विफल रहता है, तो एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके हस्तांतरण करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इतने तक ही सीमित नहीं है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्ति (परिसंपत्तियों) को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्ति(ओं) की बिक्री के बाद, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के लिए उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) और अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को सुरक्षित परिसंपत्ति(ओं) का निपटान करने या उनसे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति(ओं) को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है, बिना एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट की पूर्व लिखित सहमति के और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा उधारकर्ता, यदि चाहें तो, सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

**स्थान:** मध्य प्रदेश
**दिनांक:** 26.09.2025

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड

**नाम परिवर्तन**

MUZAFFAR KHAN S/O GULAM RASUL आयु वयस्क निवासी- 72 न्यू आलापुरा जूनि इंदौर मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम MUZFFAR KHAN और मेरी पत्नी का नाम SAGINA BEE दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम MUZAFFAR KHAN और मेरी पत्नी का नाम SHAGEENA BEE हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा और मेरी पत्नी का नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं मैं रहूँगी.

**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर फेर ई-निविदा सूचना क्र. १४/२०२५-२०२६**

पाणी पुरवठा विभागाकडील महाराष्ट्र सुवर्ण जयंती नगरोत्थान महाभियान अंतर्गत जाहिर फेर ई-निविदा क्रं. १४/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २५/०९/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
अति. आयुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका

**NOTICE**

I, Rashid Ansari S/o. Mohammad Sabir Ansari R/o. A-126, Naveen Nagar, Aish Bagh, Bhopal - 462010, Have Change Name to Mohammad Rashid Ansari for all future purpose

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (STM-STC) Dn. O&M Circle, Bhopal
NIT No. : DGM/STM-STC/Tender/2025-26/3661 Date : 25.09.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from eligible bidders for following works.

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 3661/01 Dt. 25.09.2025 | 33 kv Kolar Nagar Nigam feeder conversion of conductor to covered conductor under Kajlikheda D/c of O&M Dn. Bhopal. | 28.84 | 86,600/- |
| 3661/02 Dt. 25.09.2025 | Interconnection 11 KV Line of 11 KV Tarasewaniya feeder under Parwaliya Sadak D/c of O&M Dn. Bhopal. | 6.36 | 19,100/- |
| 3661/03 Dt. 25.09.2025 | Interconnection for Barkheda Nathu Agr feeder under Ratibad D/c of O&M Dn. Bhopal | 5.19 | 15,600/- |

**Bid Download Start/End Date & time** : **25.09.2025, 17:00 Hrs. up to 03.10.2025, 15:30 Hrs.**
**Online Bid submission End Date & time** : **03.10.2025, up to 15:30 Hrs.**
**Online Tender Opening Date & Time** : **04.10.2025 at 15:30 Hrs.**

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/122278/2025 D.G.M (STM-STC/DN. O&M)

**JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Tender Notice No. for 2025-26**

Jalgaon City Municipal Corporation, Jalgaon invites e-Tender for the work of Jalgaon City Water Supply Project Under Amrut 2.0. The cost of tender is Rs. 150,73,45,496/- The detailed tender document is available at www.mahatenders.gov.in from 26.09.2025 The right to accept and cancel the tender has been reserved by the Commissioner Jalgaon City Municipal Corporation.

**Date: 26.09.2025**

**Sd/-**
**Commissioner**
**Jalgaon City Municipal Corporation**